हिन्दुस्तान ज़िंक कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं मदद के लिए तत्पर

राजपुरा दरीबा के 16 गांवों में हाइपोक्लोराइट का छिड़काव एवं 1500 पैकेट खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई

कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं बचाव के लिए जिम्मेदार उद्योग की भूमिका निभाते हुए हिन्दुस्तान ज़िंक दरीबा कांपलेक्स ओर से दरीबा सहित आसपास के गांव में हाइपोक्लोराइट का छिड़काव, के लिए सहयोग किया जा रहा है। विगत 2 दिनों से लगातार छिड़काव के माध्यम से दरीबा मेहंदूरिया, आंजना, गवाडी, कोटडी, राजपुरा, सिंदेसर खुर्द, नया दरीबा, पीपावास, माताजी का खेड़ा, मखन पुरिया सिंदेसर कला, काबरा गांव में पूर्ण रूप से संक्रमण मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही वायरस से बचाव संबंधित सही जानकारी भी अलग–अलग माध्यम से दी जा रही है। ग्रामीणों को अनावश्यक बाहर निकलने से रोकने की समझाइश की जा रही है। करीब 3000 मास्क का वितरण आसपास के 9 ग्राम पंचायत में किया जा चुका है जिससे इस संक्रमण से बचाव हो सके साथ ही सैनिटाइजर भी वितरित किया जा रहा है। लोगों को हाथ साफ रखने के साथ ही उन्हें हाथों को मुंह, आंख, नाक, कान से नहीं छूने के लिए भी जानकारी दी जा रही है। इसी पहल में विशेष तौर पर ऐसे व्यक्ति जिनका आय का स्रोत बिल्कुल बाधित हो चुका है तथा वह अत्यंत ही गरीब हैं उनका एसडीएम तथा बीडीओ रेलमगरा के माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है जिन्हें खाद्य राशन सामग्री जिसमें आटा, दाल, नमक, तेल, मसाले, आलू एवं प्याज के करीब 1500 पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। जिससे गरीब जनता को इस मुश्किल घड़ी में राहत मिल सके। हिंदुस्तान जिंक सीएसआर विभाग आसपास के क्षेत्र में विकास के लिए हमेशा अग्रसर रहा है एवं इस संकट की घड़ी में भी हिंदुस्तान जिंक ग्रामीणों के साथ है इनके इस कार्य की सभी जनप्रतिनिधियों ने सराहना की है।